# कार्यपत्र–14

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) कर्म के आधार पर क्रिया के कितने भेद हैं? (i) दो ✓

(ख) जिन क्रियाओं में एक ही कर्म हो, वे कहलाती हैं– (ii) एककर्मक क्रिया ✓

(ग) दो या दो से अधिक धातुओं के योग से बनी क्रिया होती है– (iii) संयुक्त क्रिया ✓

(घ) 'पिता जी ने नौकर से पौधे लगवाए।' – वाक्य में रेखांकित क्रिया का भेद बताइए।

(i) प्रेरणार्थक क्रिया ✓

(ङ) निम्नलिखित वाक्यों में पूर्वकालिक क्रिया का उदाहरण कौन-सा है? (iv) वह नहाकर पार्क जाएगा। ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) अकर्मक क्रिया में क्रिया के व्यापार का फल कर्ता पर ही पड़ता है तथा इसके साथ कर्म नहीं होता।
जबकि सकर्मक क्रिया में क्रिया के साथ कर्म लगा होता है तथा क्रिया का फल कर्ता को छोड़कर कर्म पर पड़ता है।

(ख) सकर्मक क्रिया के दो भेद हैं–

1. एककर्मक क्रिया– जिन क्रियाओं में केवल एक कर्म हो, वे एककर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं।
2. द्विकर्मक क्रिया– जिन क्रियाओं में दो कर्म होते हैं, वे द्विकर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं।

(ग) संरचना की दृष्टि से क्रिया के पाँच भेद हैं–

1. सामान्य क्रिया 2. संयुक्त क्रिया 3. नामधातु क्रिया 4. प्रेरणार्थक क्रिया
5. पूर्वकालिक क्रिया

(घ) मूलधातु के अंत में प्रत्यय जोड़कर बनी क्रिया को कृदंत क्रिया कहते हैं।
जैसे– चल + ना = चलना, सो + ना = सोना।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में संरचना की दृष्टि से क्रिया का भेद लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) अमित खेलने जा चुका है। | संयुक्त क्रिया |
| (ख) वह मेरा घर हथियाना चाहता है। | नामधातु क्रिया |
| (ग) हम घर जाकर खाना खाएँगे। | पूर्वकालिक क्रिया |
| (घ) नेहा ने अपने भाई से पत्र लिखवाया। | प्रेरणार्थक क्रिया |
| (ङ) मैंने नया बैग खरीदा। | सामान्य क्रिया |

**4. निम्नलिखित शब्दों से नामधातु क्रिया बनाइए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | शर्म | शर्माना | (ख) | साठ | सठियाना |
| (ग) | भिन्न-भिन्न | भिनभिनाना | (घ) | थप-थप | थपथपाना |
| (ङ) | लज्जा | लजाना | (च) | तोतला | तुतलाना |

**5. निम्नलिखित क्रिया शब्दों से वाक्य बनाइए।**

(क) चमकना रात में तारे चमकने लगते हैं।

| | |
|---|---|
| (ख) ठहरना | वह यहाँ ठहरना चाहता है। |
| (ग) घबराना | तुम्हें घबराना नहीं चाहिए। |
| (घ) काँपना | वह शेर को देखकर काँपने लगा। |